Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-02-2006

Participants : Mahajan Smt. Sumitra

>

Title : India's stand on the issue of publication of a cartoon regarding Prophet Mohammad in Denmark.

श्रीमती सुमित्रा महाजन माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं एक संवेदनशील मामला सदन के सामने रखना चाहूंगी। अभी कुछ दिन पहले किसी एक संप्रदाय की आस्था पर जब एक कार्टून द्वारा ठेस पहुंचाई गई, उस समय मुझे जानकारी मिली कि सरकार ने डेनमार्क को लिखित रूप से अपनी अप्रसन्नता ज़ाहिर की। इस प्रकार जिस संवेदनशीलता का परिचय सरकार ने दिया है, मैं चाहूंगी कि अगर उसी संवेदनशीलता को थोड़ा वृहत् करें, थोड़ा विस्तृत करें तो ज्यादा अच्छा रcäMÉÉ[h16]। सरकार थोड़ी सी संवेदनशीलता और विस्तृत करे, तो ज्यादा अच्छा रहेगा क्योंकि इसी प्रकार का एक मामला ग्रीक के एथेंस शहर में हुआ है। वहां पर हमारी दुर्गा माता के चित्र, उनके यहां की शराब की एक कम्पनी ने, शराब की बोतल देते हुए ऽ ाकाशित किए हैं। मैं चाहूंगी कि सरकार इस बात का भी विरोध प्रकट करे।

इसके साथ ही मैं एक बात की तरफ भी सरकार का ध्यान आकर्ति करना चाहूंगी, यह बहुत ही संवेदनशील मामला है। हिंदुस्तान में भी एक चित्रकार इस प्रकार के सतत् चित्र निकालते रहते हैं और माफी भी मांगते रहते हैं। अभी हाल ही में एक बात सामने आई है कि भारत माता का एक नग्न चित्र इस चित्रकार ने निकाला था। हो सकता है कि उन्होंने माफी भी मांगी हो। मैं यह भी बताना चाहती हूं कि किसी भूकंपग्रस्त क्षेत्र की मदद के लिए एक एक्शन इंडिया ट्रस्ट नामक संस्था ने इस चित्र का आक्शन किया है और आक्शन से पैसा कमाया। पहले कहा गया कि इस चित्र को नीलाम नहीं किया जाएगा। बाद में मालूम हुआ कि नीलामी हुई और इससे पैसे कमाए गए। इस प्रकार के चित्र नीलाम करके क्या भूकंप पीड़ित लोग राहत प्राप्त कर पाएंगे। पहले भूकंप में मनुय मरता है और उसके बाद इस प्रकार से कमाए गए पैसे को वहां के लोगों को खिलाया जाएगा, तो जनता की मानवता मर जाएगी। क्या वहां की जनता इस प्रकार से कमाए गए पैसे को खाएगी? यह इस देश के लिए सबसे खतरनाक बात है। मैं सरकार से कहना चाहूंगी कि इस बात का खुलासा करे कि एथेंस शहर में जो इस प्रकार का चित्र लगाया गया, क्या वहां भी सरकार ने अपनी किसी प्रकार की अप्रसन्नता जाहिर की है। अगर अप्रसन्नता जाहिर नहीं की है, तो क्यों नहीं की है?

दूसरी बात मैं कहना चाहती हूं कि इस प्रकार के चित्र अगर हिंदुस्तान के चित्रकार निकालते हैं, तो क्या सरकार उन पर कोई कार्यवाही करेगी? तीसरी बात कि भारत माता के नग्न चित्र की नीलामी हो गई है। भारत माता के नग्न चित्र से पैसा कमाया गया है। क्या इस पर कोई कार्यवाही होगी।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : अगर आप बीच में बोलेंगे, तो इनकी बात कैसे सुनाई देगी।

श्रीमती सुमित्रा महाजन : मैं आशा करती हूं कि सरकार इन संवेदनशील मामलों पर अवश्य ध्यान देगी।

MR. SPEAKER: Shri Rewati Raman Singh, you have given a notice to raise the issue of bird flu on which a full statement has been made.

13.11 hrs.

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till ten minutes past Fourteen of the Clock[R17].

14.12 hrs.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at twelve minutes past Fourteen of the Clock.

(Mr. Deputy-Speaker *in the Chair*)